## 087/X/SA2/33/A1

### Class - X

### SOCIAL SCIENCE

Time : **3** hours
समय : **3** घण्टे

Maximum Marks : **80**
अधिकतम अंक : **80**

Total No. of Pages : 12

**Instructions :**

1. The question paper has **36** questions in all. All questions are **compulsory**.
2. Marks are indicated against each question.
3. Questions from serial number **1 - 16** are multiple choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your answer book.
4. Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answer of these questions should not exceed **80 words** each.
5. Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answer of these questions should not exceed **100 words** each.
6. Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography. Attach both the maps in your answer book.

**निर्देश :**

1. प्रश्न पत्र में **36** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न **अनिवार्य हैं**।
2. प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गये हैं।
3. प्रश्न क्रमांक **1** से **16** तक के प्रश्न एक-एक अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं। अपनी उत्तर पुस्तिका में सही विकल्प चुन कर लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक **17** से **29** तक के प्रश्न तीन-तीन अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न क्रमांक **30** से **34** तक के प्रश्न चार-चार अंक के हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या **35** इतिहास से मानचित्र सम्बन्धित **2** अंक है और प्रश्न संख्या **36** भूगोल से मानचित्र सम्बन्धित **3** अंक का है। दोनों मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए।

**1.** An ideal Vision which is unlikely to actually exist is called : **1**

(a) Utopian (b) Absolutist

(c) The best (d) None of the above

**OR**

In 1911, the monarchy in China was overthrown by :

(a) Ho Chi Min (b) Sun yat-sen

(b) Phan Boi Chau (d) Ngo Dinh Diem

**2.** Which one of the following is not true regarding the 'Balkans Project'? **1**

(a) The Balkans states were very jealous of each other.

(b) Each state wanted to gain more territory at the expense of others.

(c) The Balkans were also the scene of big power rivalary.

(d) The Balkans were under the control of Ottoman Empire.

**OR**

"Go-East Movement" became popular in Vietnam during the first decade of $20^{th}$ centuary because :

(a) Vietnamese students went to Japan to acquire education.

(b) they went to Japan to learn Japanese language.

(c) they went to get lucrative jobs.

(d) they looked for foreign arms and help to drive away the French from Vietnam.

**3.** The Simon Commission was boycotted because : **1**

(a) there was no Indian in the commission.

(b) it supported Muslim-League.

(c) Congress felt that the people deserved Swaraj.

(d) there were difference among the members.

**4.** Justice Party of Madras was a party of : **1**

(a) non-Muslims. (b) non-Brahmins.

(c) non-Tamils. (d) judges.

**5.** Electricity generated by burning fossil-fuels is called : **1**

(a) Hydro-electricity (b) Tidal electricity

(c) Thermal electricity (d) Nuclear energy

**6.** Which is the best type of iron-ore ? **1**

(a) Hematite (b) Magnetite

(c) Limonite (d) Siderite

**7.** Small scale and large scale industries are classified on which basis ? **1**

(a) Capital investment (b) Ownership

(c) Main role (d) Sources of raw materials

**8.** Which one of the following pair of cities is connected by NH-7 ? **1**

(a) Delhi-Amritsar (b) Delhi-Kolkata

(c) Delhi-Mumbai (d) Varanasi-Kanyakumari

**9.** Identify the element which is ***not*** shared both by the movement of Nepal and the struggle in Bolivia : **1**

(a) A political conflict that led to popular struggle.

(b) The struggle involved mass mobilisation.

(c) It was about the foundation of the country's politics.

(d) It involved critical role of political organisation.

**10.** Which one of the following promotes the interest of a particular group ? **1**

(a) Public interest groups.

(b) Political parties.

(c) Sectional interest groups.

(d) Government.

**11.** Which one of the following ***is not*** a national political party ? **1**

(a) Bhartiya Janta Party (BJP).

(b) Communist Party of India (CPI).

(c) Bahujan Samaj Party (BSP).

(d) Samajwadi Party (SP).

**12.** Which one of the following statement ***does not*** reflect the right impact of the Right to Information Act' ? **1**

(a) It supplements the existing laws that banned corruption

(b) It empowers the people to find out what is happening in the government

(c) It enables the people to become law abiding good citizens

(d) It acts as a watch dog of democracy

**13.** Which among these is an essential feature of barter system ? **1**

(a) Money can easily exchange any commodity

(b) It is based on double co-incidence of wants

(c) It is generally accepted as a medium of exchange of goods with money

(d) It acts as a measure and store of value

**14.** By connecting different countries globalization shall result in : **1**

(a) lesser competition among producers

(b) greater competition among producers

(c) no change in competition among producers

(d) none of the above

**15.** Which one of the following is ***not*** a 'Right of consumers'? **1**

(a) Right to safety (b) Right to be informed

(c) Right to choose (d) Right to constitutional remedies

**16.** In an SHG, most of the decisions regarding savings and loan activities are taken by : **1**
(a) banks (b) members (c) NGO (d) Panchayats

**17.** With any three suitable examples, explain contribution of culture to the growth of nationalism in Europe. **3**

**OR**

Explain any three features of scholars revolt in 1868 in Vietnam.

**18.** What led to the spread of Non-Cooperation movement to the countryside ? Explain any three factors. **3x1=3**

**19.** Differentiate between ferrous and Non-ferrous minerals. **3x1=3**

**20.** Why is jute textile industry mainly concentrated in Hugli-basin ? Explain three reasons for the same. **3x1=3**

**21.** Study the table given below and answer questions that follow : **3x1=3**
Total Finished Steel Production in India.

| YEAR | PRODUCTION (in million tons per annum) |
|---|---|
| 1950 - 51 | 1.04 |
| 1960 - 61 | 2.39 |
| 1970 - 71 | 4.64 |
| 1980 - 81 | 6.82 |
| 1990 - 91 | 13.53 |
| 1997 - 98 | 23.40 |
| 2004 - 05 | 32.60 |

(a) What was the total finished steel production in India in 1950-51 ?
(b) How much steel production increased in 2004-2005 as compared to the production in 1950-51 ?
(c) Why is the per capita consumption of steel low in India ?

**22.** What are the three main differences between a pressure group and a political party ? **3x1=3**

**23.** Do democracies lead to a just distribution of goods and opportunities ? Justify your answer by three suitable arguments. **3x1=3**

**24.** How are the complaints treated as testimony to the success of democracy ? Explain. **3**

**25.** What is meant by democracy ? State any two challenges faced by the democracies ? **1+2=3**

**26.** Describe any three factors that have enabled globalization in India ? **3x1=3**

**27.** How does foreign trade lead to integration of markets across countries ? **3**

**28.** Explain any three ways in which consumer are exploited by the traders. **3x1=3**

**29.** Describe any three legal measures taken by the government to empower the consumers in India. **3x1=3**

**30.** Describe the process of unification of Germany. **4**

**OR**

Who was the founder of Hoa Hao movement ? Explain any three points to highlight his contribution.

**31.** Explain any four features of Civil Disobedience movement of 1930. **4x1=4**

**32.** Why are the means of transportation and communication called the lifelines of national economy ? Give any four reasons to support your answer. **4x1=4**

**33.** In which four ways can the political reforms made in India strengthen political parties ? **4x1=4**

**34.** Mention four characteristics each of the formal and informal sources of credit in India. **4x1=4**

**35.** Two features (A) and (B) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map. **2x1=2**

(A) The place where from Gandhiji launched Civil-Disobedience movement.

(B) The place where Indian National Congress Session 1927 was held.

**OR**

Locate and label the following items with appropriate symbols on the same given political outline map of India :

(i) Kheda - The place of Peasant Satyagrah.

(ii) Chauri Chaura - The centre off calling of the Non-Cooperation movement.

**NOTE : The following questions are for the <u>BLIND CANDIDATES</u> only, in lieu of Q. No. 35.** **2x1=2**

(35.1) Name the place where Gandhiji launched Civil Disobedience movement.

(35.2) Name the place where Indian National Congress session of 1927 was held.

**36**. Three features (A), (B) and (C) are marked in the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the line marked in the map. **3x1=3**

(A) An Iron - Ore Field

(B) A Silk Textile Centre

(C) The Eastern Terminal station of East-West Corridor.

**OR**

Locate and label the following items on the same given polictical outline map of India with appropriate symbols.

(A) Narora - Nuclear Power Station

(B) Surat - Textile Centre

(C) Paradip - Sea Port

**NOTE : The following questions are for the *BLIND CANDIDATES* only, in lieu of Q. No. 36.** **3x1=3**

(36.1) Name the Eastern terminal station of East-West Corridor.

(36.2) In which state is Narora Nuclear Power plant located ?

(36.3) Write the name of the state in which Paradip Sea Port is located.

1. एक आदर्श कल्पना जिसके वास्तविक अस्तित्व का होना असम्भव है वह कहलाता है - 1

(a) कल्पनादर्श (युटोपिया) (b) निरंकुश

(c) सर्वश्रेष्ठ (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**अथवा**

1911 में चीन में राजशाही को उखाड़ फैंका था -

(a) हो चि मिन्ह ने (b) सुन यात सेन

(c) फान बोई चाऊ (d) चो दिन्ह दिएम

2. 'बाल्कन परियोजना' के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है? 1

(a) बाल्कन राज्य एक दूसरे से ईर्ष्या करते थे।

(b) प्रत्येक राज्य एक दूसरे की कीमत पर अधिक क्षेत्र प्राप्त करना चाहता था ।

(c) 'बाल्कन' बड़े देशों की शत्रुता का दृश्य भी थे।

(d) 'बाल्कन' आटोमन साम्राज्य के नियन्त्रण में थे।

**अथवा**

'पूरब की ओर चलो' वियतनाम में 20 वीं सदी के प्रारम्भिक दशक में लोकप्रिय हुआ, क्योंकि -

(a) वियतनाम के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिए जापान गए।

(b) वे जापान में जापानी भाषा सीखने को गए।

(c) वे अच्छी और आकर्षक नौकरियाँ प्राप्त करने के लिए गए।

(d) वे वियतनाम से फ्रांसीसियों को बाहर निकालने के लिए विदेशी हथियार और सहायता की ओर देख रहे थे।

3. साइमन कमीशन का बहिष्कार किया गया क्योंकि : 1

(a) कमीशन में कोई भारतीय नहीं था।

(b) इसने मुस्लिम लीग का समर्थन किया।

(c) काँग्रेस ने अनुभव किया कि लोग स्वराज के अधिकारी हैं।

(d) सदस्यों के बीच मतभेद थे।

4. मद्रास की जस्टिस पार्टी किस की पार्टी थी? 1

(a) गैर - मुसलमानों की (b) गैर - ब्राह्मणों की

(c) गैर - तमिलों की (d) जजों की

5. जीवाश्म ईंधन को जलाकर उत्पन्न की गई विद्युत को कहते हैं - 1

(a) जल विद्युत (b) ज्वारीय विद्युत

(c) ताप विद्युत (d) नाभिकीय विद्युत

6. निम्नलिखित में से कौनसा उच्च कोटि का लौह-अयस्क है ? **1**

(a) हेमेटाइट (b) मैग्नेटाइट
(c) लिमोनाइट (d) सिडेराइट

7. लघु उद्योग और बृहत उद्योग को किस आधार पर वर्गीकृत किया जाता है ? **1**

(a) पूंजी निवेश (b) स्वामित्व
(c) प्रमुख्य भूमिका (d) कच्चे माल के स्रोतों

8. शहरों के निम्नलिखित जोड़ों में से कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग नं.7 से जुड़ा है ? **1**

(a) देहली-अमृतसर (b) देहली-कोलकता
(c) देहली-मुम्बई (d) वाराणसी-कन्याकुमारी

9. उस तत्त्व की पहचान कीजिए जो नेपाल के आन्दोलन तथा बोलिविया के संघर्ष दोनों में नहीं था । **1**

(a) एक राजनीतिक विवाद जो जन आन्दोलन में परिवर्तित हो गया।
(b) एक संघर्ष जिसमें जनता की लामबन्दी शामिल थी।
(c) यह देश की राजनीति की बुनियाद से सम्बन्धित था।
(d) इसमें राजनीतिक संगठनों की भूमिका सम्मिलित थी।

10. निम्नलिखित में से कौन, किसी विशेष समूह के हितों को बढ़ावा देता है? **1**

(a) जन हित समूह (b) राजनीतिक दल
(c) वर्ग विशेष के हित समूह (d) सरकार

11. निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टी नहीं है? **1**

(a) भारतीय जनता पार्टी (b) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इन्डिया
(c) बहुजन समाज पार्टी (d) समाजवादी पार्टी

12. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'सूचना के अधिकार अधिनियम' के सही प्रभाव को प्रदर्शित नहीं करता? **1**

(a) यह भ्रष्टाचार पर प्रतिबन्ध लगाने वाले वर्तमान कानूनों का पूरक है ।
(b) यह लोगों को यह जानने के लिए सशक्त करता है कि, 'सरकार में क्या हो रहा है?'
(c) यह लोगों को कानून मानने वाला अच्छा नागरिक बनाता है ।
(d) यह लोकतन्त्र के प्रहरी के रूप में काम करता है ।

13. निम्नलिखित में से कौन 'बार्टर व्यवस्था' की अनिवार्य विशेषता है? **1**

(a) मुद्रा द्वारा किसी भी वस्तु का विनिमय आसानी से किया जा सकता है
(b) यह आवश्यकताओं के दोहरे संयोग पर आधारित है
(c) इसको सामान्यत: वस्तुओं के मुद्रा के साथ विनिमय का माध्यम स्वीकार किया जाता है
(d) यह मूल्यों के मापक के रुप में कार्य करता है

**14.** विभिन्न देशों को आपस में जोड़कर वैश्वीकरण का परिणाम होगा – **1**

(a) उत्पादकों के बीच कम प्रतिस्पर्धा

(b) उत्पादकों के बीच अधिक प्रतिस्पर्धा

(c) उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा में कोई परिवर्तन नहीं

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**15.** निम्नलिखित में से कौन 'उपभोक्ताओं का अधिकार' नहीं है? **1**

(a) सुरक्षा का अधिकार (b) सूचना पाने का अधिकार

(c) चयन का अधिकार (d) संवैधानिक उपचारों का अधिकार

**16.** किसी 'स्व सहायता' समूह में बचत और ऋण सम्बन्धी अधिकांश निर्णय लेते हैं – **1**

(a) बैंक (b) सदस्य

(c) गैर सरकारी संस्थाएँ (d) पंचायतें

**17.** युरोप में राष्ट्रवाद की वृद्धि में संस्कृति के योगदान को तीन उपयुक्त उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए। **3**

**अथवा**

1868 में वियतनाम में हुए स्कालर्स रिवोल्ट (विद्वानों का विद्रोह) की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

**18.** ग्रामीण क्षेत्रों में असहयोग आन्दोलन का फैलाव किन कारणों से हुआ? किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए । **3x1=3**

**19.** लौह खनिजों और अलौह खनिजों के बीच अन्तर स्पष्ट कीजिए । **3x1=3**

**20.** पटसन उद्योग मुख्यत: हुगली के तट पर संकेन्द्रित क्यों हैं ? इसके लिए किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए । **3x1=3**

**21.** निम्नलिखित तालिका का अध्ययन करके, उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **3x1=3**

भारत में इस्पात का कुल उत्पादन

[redacted]

(a) 1950-51 में भारत में इस्पात का कुल उत्पादन कितना था?

(b) 1950-51 की तुलना में 2004-05 में इस्पात के उत्पादन में कितनी वृद्धि हुई?

(c) भारत में प्रति व्यक्ति इस्पात की खपत कम क्यों है?

**22.** किसी दबाव समूह और राजनीतिक दल के बीच तीन मुख्य अन्तर क्या हैं? **3x1=3**

**23.** क्या लोकतन्त्र वस्तुओं और अवसरों के न्यायोचित वितरण की ओर ले जाता है? अपने उत्तर के पक्ष में तीन उपयुक्त तर्क दीजिए । **3x1=3**

**24.** शिकायतों को लोकतन्त्र की सफलता का प्रमाण कैसे माना जाता है? व्याख्या कीजिए । **3**

**25.** लोकतन्त्र का क्या अर्थ है? लोकतन्त्र के समक्ष किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए । **1+2=3**

**26.** भारत में वैश्वीकरण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए । **3x1=3**

**27.** विदेशी व्यापार किस प्रकार विभिन्न देशों के बीच बाजारों के एकीकरण की ओर ले जाता है? **3**

**28.** ऐसे किन्हीं तीन तरीकों को स्पष्ट कीजिए, जिनके उपभोक्ताओं का व्यापारियों द्वारा शोषण किया जाता है? **3x1=3**

**29.** भारत में उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए किन्हीं तीन कानूनी उपायों का वर्णन कीजिए । **3**

**30.** जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । **4**

**अथवा**

होआ-हाओ आन्दोलन का संस्थापक कौन था? उसके योगदान को उजागर करने के लिए किन्हीं तीन बन्दुओं की व्याख्या कीजिए । **1+3=4**

**31.** 1930 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन की किन्हीं चार विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । **4x1=4**

**32.** परिवहन और संचार के साधनों को राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा क्यों कहा जाता है ? अपने उत्तर के पक्ष में कोई चार कारण लिखिए । **4x1=4**

**33.** कौन से चार तरीकों से भारत में किए गए राजनीतिक सुधार राजनीतिक दलों को मजबूत (सशक्त) बनाते हैं? **4x1=4**

**34.** भारत में ऋण के औपचारिक और अनौपचारिक स्रोतों की चार-चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । **4x1=4**

**35.** दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र पर दो लक्षण (A) और (B) पर अंकित किए गए हैं । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन लक्षणों की पहचान कीजिए और उनके सही नाम मानचित्र पर अंकित रेखाओं पर लिखिए । **2x1=2**

(A) वह स्थान जहां से महात्मा गांधी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन का प्रारम्भ किया था।

(B) वह स्थान जहां भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1927 का अधिवेशन हुआ था।

**अथवा**

दिए हुए इसी राजनीतिक रेखामानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये और उनके सही नाम लिखिए।

(i) खेडा – किसानों के सत्याग्रह का स्थान।

(ii) चौरी-चौरा – असहयोग आन्दोलन को वापस लेने का स्थान।

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर है :** **2x1=2**

(35.1) उस स्थान का नाम लिखिए, जहाँ से गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आन्दोलन का प्रारम्भ किया था।

(35.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 1927 में भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

**36.** दिए हुए इसी भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में तीन लक्षण A, B और C पर अंकित किए गए हैं । नीचे दी गई जानकरी की सहायता से इन लक्षणों को पहचान और उनके सही नाम मानचित्र पर अंकित रेखाओं पर लिखिए । **3x1=3**

(A) लौह अयस्क का क्षेत्र

(B) रेशमी कपड़ा उद्योग केन्द्र

(C) पूर्व-पश्चिम गलियारे का पूर्वी सिरे का स्टेशन।

**अथवा**

दिए हुए मानचित्र पर ही निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइए और उनके सही नाम लिखिए।

(A) नरोरा – नाभिकीय विद्युत संयत्र

(B) सूरत – कपड़ा उद्योग केन्द्र


(C) पारादीप – समुद्री पत्तन


**नोट :- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 36 के स्थान पर हैं :** **3x1=3**

(36.1) पूर्व – पश्चिम गलियारे का पूर्वी सिरे का स्टेशन

(36.2) नरोरा नाभिकीय विद्युत संयत्र किस राज्य में स्थित है ?

(36.3) उस राज्य का नाम लिखिए, जहां पारादीप समुद्री पत्तन स्थित है ।


Question No. 35
and 35 (OR)
A
B
Km 100 0 100 200 300 400 500 Km


Question No. 36
and 36(OR)
A
B
C
Km 100 0 100 200 300 400 500 Km
68°
72°
76°
80°
84°
88°
92°
96°
36°
32°
28°
24°
23½°
20°
16°
12°
8°
4°

- o O o -